राजस्थानी की युवा कविता भारतीय भाषाओं से कमतर नहीं है: जोशी

बीकानेर, (कासं)। सादूल राजस्थानी रिसर्च इंस्टीट्यूट, बीकानेर के तत्वावधान में समकालीन राजस्थानी युवा कविता के स्वर कार्यक्रम की चौथी कड़ी का आयोजन रविवार को इंस्टीट्यूट के सभागार में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार कवि –कथाकार राजेन्द्र जोशी ने की, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि साहित्यकार–सम्पादक हरीश बी शर्मा थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कवि –कथाकार राजेन्द्र जोशी ने कहा की आज की राजस्थानी कविता अन्य भारतीय भाषाओं के समकक्ष खड़ी होकर समाज को भरोसा और विश्वास दिलाती है। जोशी ने कहा कि राजस्थानी कविता प्राचीन संदर्भों के साथ आधुनिकता की प्रतिस्पर्धा में बेहतरीन आधुनिक राजस्थानी कविता बन पड़ती है।

उन्होंने कहा कि राजस्थानी के युवा कवियों की रचनाएं बिम्ब, प्रतीक के साथ मानवता के बोध की बात करती है। जोशी ने कहा कि राजस्थानी की युवा कविताओं में कई शेड्स हैं। जोशी ने कहा कि तीनो युवा कवियों की राजस्थानी कविता में अपने समय और समाज से मुठभेड़ करती हुई जीवन, मृत्यु, अध्यात्म और लोक आदि विषयों से संबंधित कविताएं विचार एवं संवेदना से ओतप्रोत है। जोशी ने कहा की अन्य भाषाओं की तुलना में यहां कवियों की दृष्टि और सृष्टि में परिपक्वता और व्यापकता के दर्शन होते हैं।

मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए हरीश बी शर्मा ने कहा कि आज की युवा राजस्थानी कविता समय की मांग और नए बिम्ब प्रस्तुत करती नजर आती है, उन्होंने कहा कि इक्कीसवीं सदी की राजस्थानी कविता उच्च मुकाम पर है। उन्होंने कहा कि कि आज की युवा कविता पेडिया चढ़ ती हुई नूंवी अबोट है, उतनी ही जुनी परंतु जीवन मूल्य की रखवाली भी करती है। शर्मा ने आज की कविता को मनुष्यता के समर्थन में खड़ी दिखाई देने वाली कविता बताया।

रविवार को आयोजित कार्यक्रम में राजस्थानी के तीन युवा कवियों ने अपनी शानदार प्रस्तुति से कार्यक्रम को उमंग और जोश से भर दिया। आज के युवा कवियों में सुधा सारस्वत, रोशन बाफना एवं पुनीत रंगा ने अपनी शानदार प्रस्तुति दी। 'एक सलटे तो दुजी बोले उतर भीखा म्हारी बारी' एवं 'बो पाणी मुलतान नीसरगग्यौ तिरसे म्हारा पाना कोरा' की ओजपूर्ण प्रस्तुति के साथ सुधा सारस्वत ने बोली रा घाव,पीड़ किताब री पगबंधणी,पटराणी,रेत रा सैनाण, औळभा री अकुरड़ी,पतियारो,आसा रा सुपणा एवं महल अर गीतरण्या शीर्षक से भावपूर्ण राजस्थानी रचनाएं सुनाते हुए उपस्थित श्रोताओं की जमकर दाद लूटी। इस श्रंखला में रोशन बाफना ने लोक और व्यंगात्मक कविताओं के माध्यम से सभी को सोने को मजबूर कर दिया उन्होंने इत्ती सी तो बात है, सुण ले मायड़ भाषा री, सृष्टि, मेट दे, इणकार, मूंडो, पूरणता, बोलोबालो और

अबके चेपा में लुटग्यो, बीकाणो खाडा वाळो रे और जै ओ ई है मरदानगी रो पैमानो तो हां, है मरद हुवण सूं भी इणकार जैसी शानदार प्रस्तुति दी।युवा कवि पुनीत रंगा ने आध्यात्मिक एवं समाज में उत्पन्न कुरीतियों के विरुद्ध सामाजिक सरोकार की रचनाएं प्रस्तुत करते हुए पत्ता, खोज मिनखपणै री,कुहप री काया मोबाइल, रेत ई दीवी समझ, टाबर एवं छोड़ मिनखपणौ शीर्षक से भावपूर्ण रचनां सुनाकर उपस्थित श्रोताओं को भाव विभोर करते हुए कहा कि अबै मिनख घूमै है मोबाइल सागै, एक खतरनाक हथियार सागै।

कविताओं पर त्वरित टिप्पणी करते हुए डॉ. सुधा आचार्य ने कहा कि राजस्थानी साहित्य का भविष्य उज्जवल है, आज के कवियों की सृजन धर्मिता के अनेक आयाम हमारे सामने प्रकट हुए है। उन्होंने कहा कि भाव, भाषा, संवेदनाओं की त्रिवेणी बही। प्रारंभ में कार्यक्रम प्रभारी साहित्यकार राजाराम स्वर्णकार ने स्वागत उद्बोधन करते हुए कहा कि आगमी समय में संस्थान द्वारा अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाएँगे, स्वर्णकार ने युवाओं को राजस्थानी भाषा–संस्कृति से जोड़ना एवं निरंतर बनाए रखने को आवश्यक बताया।अतिथियों ने तीनों युवा कवियों को स्मृति चिह्न एवं नगद राशि देकर सम्मान किया तथा बागेश्वरी कला साहित्य संस्थान की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट किए गए कार्यक्रम के अंत में शायर अब्दुल शकूर सिसोदिया ने सभी का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का प्रभावी संचालन वरिष्ठ कवि विपल्व व्यास ने किया। कार्यक्रम में रवि पुरोहित, कमल रंगा,सुमित शर्मा,बी. एल.नवीन,जितेन्द्र भाटी, जुगल किशोर पुरोहित, महेश उपाध्याय, एडवोकेट गंगा बिशन बिश्नोई, महेंद्र जोशी, मंजू सारस्वत, सहित अनेक महानुभाव उपस्थित हुए।

दीपावली बोनस राशि बढ़ाने की मांग

बीकानेर, (कासं)। शिक्षक संघ एलिमेंट्री सेकेंडरी टीचर एसोसिएशन (रेसटा) के प्रदेशाध्यक्ष मोहर सिंह सलावद ने राज्य की वित्त मंत्री दिया कुमारी को ज्ञापन भेजकर राज्य में कार्यरत शिक्षको को दीपावली पर मिलने वाले बोनस की राशि बढ़ ाने व सभी का नगद भुगतान की मांग की है। प्रदेशाध्यक्ष सलावद ने बताया की प्रति वर्ष दीपावली के पर्व पर राज्य सरकार द्वारा अराजपत्रित शिक्षको को बोनस दिया जाता रहा है। विगत वर्ष में वित्त विभाग द्वारा तदर्थ बोनस की राशि 6774 (अधिकतम राशि 7 हजार) निर्धारित करते हुए 75 प्रतिशत बोनस राशि का नगद भुगतान किया गया एवं 25 प्रतिशत बोनस राशि सामान्य प्रावधायी खाता (जीपीएफ) में जमा करवाई थी। इस संबध में अवलोकनीय है कि तदर्थ बोनस की यह राशि 17 अक्टूबर 2016 (बोनस वित्तीय वर्ष 2015–16) से निर्धारित है।उक्त तिथि से वर्तमान तक महंगाई भत्ते में 50 प्रतिशत की वृद्धि हो चुकी है। मंहगाई दर में अत्यधिक वृद्धि होने के बावजूद बोनस राशि में उसके अनुरूप वृद्धि नहीं होने से ना सिर्फ शिक्षको को नुकसान होता है, अपितु इसका सीधा प्रभाव राज्य की अर्थव्यवस्था पर भी पड़ता है। क्योंकि जो बोनस राशि शिक्षको को दीपावली से पूर्व नकद उपलब्ध करवाई जाती है।

सार-समाचार

लाइटों से रोशन होगा पीबीएम परिसर

बीकानेर, (कासं)। शहर के मुख्य मार्गों से कॉलोनी क्षेत्रों व गली–मोहल्लों तक भले ही अंधेरा फैला हो, लेकिन नगर निगम की लाइटों से अब पीबीएम अस्पताल, मेडिकल कॉलेज परिसर रोशन होंगे। मेडिकल कॉलेज के छात्रावासों में भी हाई मास्ट लाइटें लगेगी। नगर निगम पीबीएम अस्पताल, सुपर स्पेशलिटी अस्पताल, मेडिकल कॉलेज एवं विद्यार्थी छात्रावासों में प्रकाश व्यवस्था करेगा। इसके लिए नगर निगम महापौर ने यू ओ नोट जारी किया है।महापौर के यू ओ नोट के अनुसार नगर निगम की ओर से वर्तमान में की गई स्ट्रीट लाइट्स में से 100 स्ट्रीट लाइट पीबीएम अस्पताल एवं छात्रावास आदि में प्रकाश व्यवस्था के लिए लगाई जाएगी। महापौर ने यू ओ नोट में निगम आयुक्त को निर्देश दिए है कि इस संबंध में विद्युत अभियंता को निर्देशित कर छात्रावास में आवश्यकता अनुसार तीन हाई मास्ट लाइट भी लगाई जानी सुनिश्चित की जाए। महापौर के अनुसार पीबीएम अस्पताल प्रशासन स्ट्रीट लाइटों व हाई मास्ट लाइटों के लिए पोल व वायरिंग की व्यवस्था करेगा। निगम की ओर से पोल पर लाइटें लगाई जाएगी। पीबीएम परिसर में निगम की ओर से लगाई जाने वाले सभी 100 लाइटें 90 वाट की होगी। अनुबंध शर्तों के अनुसार संबंधित फर्म की ओर से निर्धारित समय तक लाइटों का रख रखाव किया जाएगा, उसके बाद पीबीएम प्रशासन अपने स्तर पर मरम्मत कार्य करवाएगा। निगम की ओर से हाल में तीन हजार एलईडी लाइटों की खरीद की गई है। इनमें से निगम की ओर से 2125 स्ट्रीट लाइटें शहर के वार्डों के लिए आवंटित की गई है। महापौर के अनुसार इनमें से पांच सौ लाइटे निगम अपने स्टॉक में रखेगा। 100 लाइटें पीबीएम अस्पताल प्रशासन को आवंटित की गई है। शेष लाइटें वार्डों में आवश्यकता अनुसार लगवाई जाएगी।

यूनिवर्सिटी महिला बैडमिंटन में डूंगर कॉलेज विजेता

बीकानेर, (कासं)। महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय की महिला बैडमिंटन प्रतियोगिता का आगाज सिस्टर निवेदिता गर्ल्स कॉलेज की तत्वावधान में एल एम स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स जवाहर नगर में हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के अध्यक्ष मिश्री बाबू तथा समाजसेवी जेपी व्यास ने किया। आयोजन सचिव डॉ श्यामा पुरोहित बताया कि प्रतियोगिता में चूरू, हनुमानगढ़ , संगरिया, भादरा, गंगानगर और बीकानेर की कुल आठ टीमों ने भाग लिया। डूंगर कॉलेज बीकानेर इस प्रतिस्पर्धा में विजेता टीम रही तथा चौधरी बीआर गवर्नमेंट कॉलेज गंगानगर उपविजेता रही। इस अवसर पर बैडमिंटन एसोसिएशन के अध्यक्ष मिश्री बाबू ने सभी खिलाडियों को खेल भावना के साथ खेलने की सलाह दी और हार जीत से दूर रहकर अपने खेल पर ध्यान केंद्रित करने की बात कही। प्राचार्य डॉ रीतेश व्यास ने आयोजन के लिए विश्वविद्यालय का आभार जताया। उद्घाटन सत्र में विश्वविद्यालय प्रतिनिधि हितेंद्र मारु व उत्कर्ष किराडू ने भी विचार रखे। कार्यक्रम के दौरान डॉ बलदेव व्यास, बिशनाराम गोदारा, सुषमा व्यास, आशीष पुरोहित, सरोज स्वामी, महेश पुरोहित, हरि किशन रंगा, गणेश दत्त पुरोहित ने सहयोग दिया। समापन के दौरान विश्वविद्यालय टीम की घोषणा की गई।

हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट के प्रयास का ऑनलाइन बाजार बंटाधार

बीकानेर, (कासं)। वाहन पर फर्जी नंबर प्लेट लगाने वाले अपराधियों और चोरी के वाहनों की पहचान के लिए सरकार के हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट (एचएसआरपी) के प्रयास का ऑनलाइन बाजार बंटाधार कर रहा है। पुलिस और परिवहन विभाग के अधिकारियों की आंखों में धूल झोंकने वाली हुबहू हाई सिक्योरिटी फर्जी नंबर प्लेट ई–कॉमर्स कम्पनियां 500–700 रुपए में बेच रही हैं। जिन वाहनों के कागजात नहीं हैं या आरसी का नवीनीकरण नहीं कराया है, उनके मालिक खासतौर से ऐसी नंबर प्लेट लगवा रहे हैं। खास बात यह है कि परिवहन विभाग और पुलिस दोनों के पास अभी तक इसका कोई तोड़ नहीं है। नकली नंबर प्लेट आईएनडी और सिक्योरिटी स्टीकर छपी होने के साथ उस पर असली प्लेट की तरह कोने पर फर्जी सिक्योरिटी नंबर भी खुदा हुआ है। वाहनों के मॉडल के अनुसार पूरी जानकारी लेकर प्लेट तैयार कर ऑनलाइन घर पर डिलीवरी की जा रही है। गौरतलब है कि राजस्थान सरकार ने नए वाहनों के शोरूम से निकलने के साथ ही हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाना वर्ष 2019 से अनिवार्य कर रखा है। बाद में वर्ष 2019 से पहले खरीदे किए वाहनों पर भी हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट की अनिवार्यता लागू की। प्लेट लगवाने की अंतिम तिथि 31 अगस्त 2024 थी। यह तिथि निकलने के साथ ही पुलिस और परिवहन विभाग ने चालान करने शुरू कर दिए। तब लोगों ने इसका तोड़ तलाशना शुरू किया। पुराने वाहनों पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के लिए सियाम पोर्टल पर आवेदन लेकर वाहनों के अधिकृत डिस्ट्रीब्यूटर्स से प्लेट लगवाने की व्यवस्था है। परिवहन मंत्री ने सितंबर में इस प्रक्रिया को बंद कर नए सिरे से विभाग के स्तर पर नंबर प्लेट लगाने की प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए थे। अभी तक विभाग के स्तर पर ऐसी कोई व्यवस्था नहीं हुई है।

उपनिवेशन विभाग ब्याज में शत-प्रतिशत छूट प्रदान

बीकानेर, (कासं)। मुख्यमंत्री की बजट घोषणा वर्ष 2024–2025 के क्रम में उपनिवेशन क्षेत्र के समस्त श्रेणी के काश्तकारों (सभी श्रेणी के आवंटियों यथा सामान्य आवंटन, विशेष आवंटन व मोहरबंद नीलामी द्वारा आवंटन आदि) को कृषि भूमि की आवंटन की 31 दिसम्बर, 2023 तक की शेष रही किश्तें 31 दिसम्बर, तक एकमुश्त जमा कराने पर ब्याज में शत–प्रतिशत छूट प्रदान करती है। उपनिवेशन विभाग के वरिष्ठ लेखाधिकारी श्रवण कुमार हटीला ने बताया कि उपनिवेशन क्षेत्र के समस्त काश्तकार अपनी 31 दिसंबर 2023 तक की बकाया किश्तें 31 दिसंबर तक एकमुश्त जमा करायेगें तो वसूल योग्य ब्याज माफी के हकदार होंगे। उन्होंने उपनिवेशन क्षेत्र के आवंटियों को राज्य सरकार द्वारा दी गई ब्याज माफी योजना का लाभ लेने का आ ान किया है।

स्कूली बॉयज फुटबॉल प्रतियोगिता

बीकानेर, (कासं)। 68 वी राज्य स्तरीय स्कूली बॉयज फुटबॉल प्रतियोगिता अंडर 14 धौलपुर में आयोजित हुई थी, जिसमे सादुल स्पोर्ट्स स्कूल बीकानेर ने हनुमानगढ़ को फाइनल मुकाबले में 3–1 से हराकर ख़िताब अपने नाम किया। इससे पहले मैचों में सादुल स्पोर्ट्स ने डूंगरपुर, पाली, बाड़मेर, चूरू , सवाईमाधोपुर , धौलपुर , झुंझुनू , जयपुर , सीकर और फाइनल मुकाबले में हनुमानगढ़ को 3–1 से हराकर सादुल स्पोर्ट्स स्कूल विजय रहा। टीम की जीत पर शाला प्रधान अजय पाल सिंह मोहन लाल ने मोहम्मद रफीक चौहान व देवेंद्र पुरोहित एंव समस्त खिलाड़ियो को बधाई दी व कोच मोहम्मद रफीक व देवेंद्र पुरोहित के लिए प्रसन्नता व्यक्त की एंव खिलाड़ियो के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

प्रतिष्ठानों-पशुपालकों की बनेगी सूची

बीकानेर, (कासं)। व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से निकलने वाले अपशिष्ट और पशुओं के गोबर को सीवरेज–नालों में डाला जा रहा है। इससे आए दिन नाला–सीवरेज जाम होते रहते है व सड़कों पर गंदा पानी फैला रहता है। आमजन परेशान होते हैं। नगर निगम ने नाला–सीवरेज की उचित सफाई के लिए सभी नालों और सीवरेज के सर्वे के आदेश जारी किए हैं, जो बार–बार जाम होते हैं। इस सर्वे के दौरान यह पता लगाया जाएगा कि जो नाला–सीवरेज व्यवसायिक प्रतिष्ठानों, पशुपालकों के कारण जाम हो रहे हैं, उनको सूचीबद्ध किया जाए और उनको नोटिस जारी किए जाए। निगम आयुक्त के निर्देश पर उपायुक्त की ओर से स्वच्छता निरीक्षकों को सर्वे करने के आदेश जारी किए गए हैं। उपायुक्त यशपाल आहूजा ने बताया कि पशुपालकों की ओर से पशुओं के गोबर को सीधे सीवरेज अथवा नालों में डाला जा रहा है।

संविदा सफाई कर्मचारियों को पूरा वेतन व अन्य लाभ मिलने चाहिए: एम वेंकटेशन

बीकानेर, (कासं)। राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष एम वेंकटेशन ने कहा कि संविदा सफाई कर्मचारियों को पूरा वेतन, ईपीएफओ, ईएसआई, वेतन स्लिप, ड्रेस और ग्रुप इंश्यारेंस इत्यादि सुविधाओं का लाभ मिलना चाहिए।

समयबद्ध रूप से स्वास्थ्य जांच भी जरुरी है। संवेदक फर्म का दायित्व है कि वह अपने कर्मचारियों को ये सुविधाएं मिले, इसको सुनिश्चित किया जाए। अधिकारी सफाई श्रमिकों को देय सुविधाओं की नियमित जांच और मॉनिटरिंग करे। नगर निगम सभागार में निगम सफाई कर्मचारी यूनियन, सफाई कार्मिकों, अनुबंधित कार्मिकों व अनुबंधित संवेदकों की बैठक में ये विचार रखे। बैठक के दौरान अध्यक्ष ने सीवरेज सफाई, ट्रैक्टर ट्रॉली और डोर टू डोर कचरा परिवहन व सफाई कार्यों से जुड़े सफाई श्रमिकों से व्यक्तिश बातचीत की और उनको मिल रही सुविधाओं तथा समस्याओं को जाना। इस दौरान निगम महापौर सुशीला कंवर, आयुक्त मयंक मनीष व उपायुक्त यशपाल आहूजा ने स्मृति चिह्न भेंटकर अध्यक्ष एम वेंकटेशन का स्वागत किया।

■ **नगर निगम सभागार में निगम सफाई कर्मचारी यूनियन, सफाई कार्मिकों, अनुबंधित कार्मिकों व अनुबंधित संवेदकों की बैठक में ये विचार रखे**

संवेदक फर्मों के माध्यम से निगम का सफाई कार्य कर रहे सफाई श्रमिक अपने हको और सुरक्षा को लेकर अधिक जागरूक नहीं है। बैठक के दौरान अध्यक्ष एम वेंकटेशन ने जब सीवरेज, ट्रैक्टर ट्रॉली और ऑटो टिपर से सफाई कार्य कर रहे सफाई श्रमिकों से उनको मिल रहे वेतन, ईपीएफओ, इंश्योरेंस, ईएसआई, वेतन स्लिप, पहचान पत्र इत्यादि के बारे में जानकारी ली तो वे स्पष्ट रूप से कुछ बताने में असमर्थ नजर आए। अध्यक्ष ने उनसे पूछा कि ' आपको कितना वेतन मिलता है, चैक से मिलता है, नकद मिलता है अथवा बैंक खातों में जमा होता है, ईएसआई सुविधा मिल रही है क्या, ईपीएफओं की कटौती हो रही है क्या' जब दो तीन कर्मचारियों ने सुविधाएं मिलने और बैंक में वेतन जमा होने की बात कही तो अध्यक्ष ने उनका मोबाइल भी चैक किया। लेकिन अध्यक्ष संतुष्ट नजर नहीं आए। सफाई कर्मचारी संगठनों से जुड़े नेताओं ने राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष के समक्ष सफाई कर्मचारियों से संबंधित विभिन्न मांगे रखी।

वितरित किए कपड़े के थैले

बीकानेर, (कासं)।महावीर इंटरनेशनल जनसेवार्थ– जनहितार्थ सेवा कार्यों के अंतर्गत अपने 50 वें वर्ष को गोल्डन जुबली वर्ष के रूप में मना रहा है। इसके तहत पर्यावरण जन जागृति अभियान महावीर इंटरनेशनल के चारों केन्द्र महावीर इंटरनेशनल बीकानेर, गंगाशहर, बीकाणा वीरा केन्द्र और गंगाणा वीरा केन्द्र द्वारा चलाया जा रहा है। महावीर इंटरनेशनल केन्द्र के चारों केन्द्र की ओर से राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सुजानदेसर में पर्यावरण जन जागृति अभियान 'सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त बीकानेर' संगोष्ठी आयोजित की गई। मुख्य वक्ता महावीर इंटरनेशनल पर्यावरण संरक्षण के अंतरराष्ट्रीय निदेशक वीर रविन्द्र जैन ने विद्यार्थिर्यों को प्लास्टिक की थैलियां इस्तेमाल नहीं करने और अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने की शपथ दिलाई। इस मौके पर विद्यालय के बालक–बालिकाओं को संबोधित करते हुए जैन ने प्लास्टिक से पर्यावरण को होने वाले नुकसान से अवगत कराया और कहा कि हमें जितना हो सके, प्लास्टिक की थैलियों का, बोतलों और अन्य वस्तुओं का दैनिक जीवन में कम से कम उपयोग करना चाहिए।

डांडिया की मस्ती में झूम उठा सुदर्शनानगर वासी

बीकानेर, (कासं)। नवरात्रे के अवसर पर सूदर्शना नगर विकाश समिति की और से शहीद भगतसिंह पार्क मे चल रहे तीन दिवसीय कार्यक्रम के तहत तीसरे दिन माँ नागणेची डांडिया महोत्सव के अन्तर्गत डांडिया की मस्ती मे झूम उठा सूदर्शनानगर।

कार्यक्रम संयोजक शंकर सेवग ने बताया कि पारंपरिक मॉहल्लू मे गूजराती व राजस्थानी वेशभूषा मे हर उम्र की महिला पुरुष बच्चे रंग–बिरंगी रोशनी व गरबे की धून पर कदम से कदम मिलाकर डांडिया–रास कर रहे थे पुरा माहौल्लू धार्मिक आस्था और उल्लास मे हो गया पार्क के हर कोने मे डांडिया खेल रहे थे मानो पार्क पूरा एक मंच बन गया डांडिया से पूर्व माँ नागणेची की विशेष पूजा अर्चना व महा आरती मे राजश्री , टीना लोहिया , अन्जू घूडिया , भानू देवड़ा ,पूजा देवडा , उर्मीला पाल , सौनिका , सहित सभी शामिल थे समिति के कार्यक्रम का शुभारम्भ बालिका केया ने माँ दुर्गा नृत्य किया एव भानू– पूजा पार्टी ने गुप्र डांस की प्रस्तुति कि नरेन्द्र लोहिया ने बताया कि साहित्यकार कवियत्री ऋतु शर्मा व मिश मूमल गरीमा विजय ने विभिन्न पुरस्कार की घोषणा की जिसमे बेस्ट ड्रेस कीर्ति गांधी , आदिति , निरमा , बेस्ट हैयर स्टाईल में पारूल शर्मा , हशिता शर्मा , सूंषमा जांगिड , बेस्ट किड्श मे शौर्य , ओजस्वी पंवार , गोरांश रहे बेस्ट गूप्र मे पारुल एण्ड पार्टी व शुशीला सोनी एण्ड पार्टी रही बेस्ट कपल गौरव अग्रवाल व बेस्ट स्माईल मे रचना व श्रीपाल रहे समिति के मुकेश धूडिया ने बताया कि कार्यक्रम के मूख्य गेस्ट टीवी व फिल्मी कलाकार भरत राजपुरोहित व मॉहल्लू के वरिष्ट जन ने सभी विजेताओं को पुरस्कार दिये अन्त मे डांडिया रशिक अवॉड मे लक्षित सेवग को नगद पुरस्कार से सम्मानित किया धन्यवाद चन्द्रकला शर्मा ने ज्ञापित किया।

जैन महासभा ने किया तपस्वियों का सम्मान

बीकानेर, (कासं)। ''तपस्या वही है जो जीवन में उल्लास भर दे और बंधन मुक्ति की प्यास भर दे, विवेक शून्य होकर मात्र भूखे रहना मात्र अज्ञान का रूप हो सकता है लेकिन जो आत्मा में आनंद का आभास भर दे, तपस्या उसे ही कहा जाता है, भूखे रहकर तृप्ति का अनभव करना तप की पराकाष्ठा है,'' ये विचार सम्भागीय आयुक्त वंदना सिंघवी ने जैन महासभा, बीकानेर द्वारा तेरापंथ भवन, गंगाशहर मे आयोजित तप अभिन्नदन समारोह में रखे, इस अवसर पर सबसे बडी तपस्या श्री कन्हैया लाल जी भुगडी द्वारा 51 दिनों की व श्रीमती सरिता मुक्कीम द्वारा 41 दिनों की तपस्या करने पर समाज द्वारा इनका सम्मान किया गया।

इसके साथ ही अठाई व अठाई से बडी तपस्या करने वालो का सम्मान किया गया। सम्मान समारोह में बोलते हुए जैन महासभा, बीकानेर के अध्यक्ष विनोद बाफना ने बताया की समाज के सभी संघों द्वारा इस कार्यक्रम को सफल बनाने के अथक प्रयास किये गये जिसके बदोलत हमें 240 तपस्वियों के नाम प्राप्त हुए और आज इनका सम्मान करके जैन महासभा, बीकानेर जो कि सकल जैन समाज की एक प्रतिनिधि संस्था है जो स्वयं को गौरवांवित महसुस कर रही है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेन्द्र भदाणी ने बताया की संचित कर्मा को नाश करने का उत्तम साधन तपस्या है। इस अवसर पर संगीतज्ञ विनोद सेठिया ने तपस्वियों के सम्मान में गीतिका का संगान किया। इस अवसर पर सभी संघा के अध्यक्ष व मंत्रीयों सहित मेघराज सेठिया, गणेश मल बोथरा, राजेन्द्र लूणिया, निमल धारिवाल, पूर्व अध्यक्ष लूणकरण छाजेड, चम्पकमल सुराणा, इन्द्रमल सुराणा, कन्हैयालाल बौथरा, मोहन सुराणा, सहमंत्री विजय बाफना, कोषाध्यक्ष जसकरण छाजेड, ऋषभ सेठिया, चंचल बौथरा, प्रताप रामपुरिया, अजीत खजांची, बसंत नौलखा, पदम दफतरी, संजय कोचर, संजय बाफना, आर्यन भुरा, महावीर फलौदिया, दिलीप कातेला, बबीता जैन, शांता भुरा, सुमन छाजेड, मंजू नौलखा, सुनिता बाफना, बबीता सेठिया, कंचन छलाणी, संजू लल्लाणी आदि ने कार्यक्रम में सहयोग किया। जैन समाज के प्रमुख व्यक्तित्व कार्यक्रम में सामिल हुए।

चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित

बीकानेर, (कासं)। शीतला गेट स्थित शांति विद्या निकेतन माध्यमिक विद्यालय में आज 06 अक्टूबर को शाला की करुणा क्लब इकाई द्वारा करुणा पखवाड़े के तहत विश्व वन्य वन्य प्राणी दिवस आयोजित किया गया। जिसमे चित्रकला प्रतियोगिता द्वारा वन्य प्राणी दिवस को मनाया गया। इस प्रतियोगिता में शाला के करुणा क्लब सदस्यों द्वारा बढ़ चढ़ कर प्राणी जीव जगत, पर्यावरण संरक्षण और जीवों प्राणियों के प्रति प्रेम के विशिष्ट भाव को दर्शाने वाले चित्र बनाए गए। शाला के करुणा क्लब प्रभारी सौरभ बजाज ने बताया की दिनांक 01 अक्टूबर से करुणा सप्ताह के तहत लगातर जीव दया करुणा का भाव विद्यार्थिर्यों में पैदा करने हेतु विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। शाला सचिव रमेश कुमार मोदी ने बताया की इस प्रकार के निरंतर आयोजन करने से विद्यार्थिर्यों में पढ़ ाई के साथ साथ समस्त प्रकार के करुणा,दया, पर्यावरण संरक्षण, जीवों के प्रति प्रेम और उनके बचाव आदि का भाव पैदा होता है। शाला प्रधान श्री हनुमान छींपा ने बताया की आगामी दिवस में शाला के विद्यार्थिर्यों को जीव दया की भावना को मूल रूप से दिखाने और उन्हें प्रेरित करने हेतु शाला द्वारा सभी विद्यार्थिर्यों को गौशाला का भ्रमण भी करवाया जाएगा।

साइबर धोखाधड़ी से बचाने के लिए व्याख्यान का आयोजन

बीकानेर, (कासं)। राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में अक्टूबर–2024 को मनाए जा रहे साइबर सुरक्षा जागरूकता माह के अंतर्गत विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। तकनीकी शिक्षा निदेशक, इंजीनियर अंशु सहगल ने दूरस्थ माध्यम से जुड़कर देश में हर नागरिक के लिए इस तरह के साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रमों की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि मोबाइल उपयोगकर्ताओं को साइबर धोखाधड़ी से बचाने के लिए इस तरह के कार्यक्रम समाज में व्यापक रूप से प्रचारित किए जाने चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक कॉलेज, बीकानेर को राज्यभर में इस तरह के कार्यक्रमों का नेतृत्व करना चाहिए।

कॉलेज के प्राचार्य के. के. सुथार ने अपने संबोधन में साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता फैलाने की जिम्मेदारी को एक शैक्षिक कर्तव्य बताया। उन्होंने सरकार द्वारा हाल ही में जारी सर्कुलर का उल्लेख करते हुए संस्थान स्तर पर (मुख्य सूचना सुरक्षा अधिकारी) नियुक्ति की आवश्यकता के बारे में

■ **विशेषज्ञों ने बताए बचाव के उपाय**

जानकारी दी। विशेषज्ञ द्वारा व्याख्यान के दौरान साइबर सुरक्षा और इससे जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। उन्होंने साइबर सुरक्षा के विभिन्न प्रकारों के बारे में बताया और साइबर अपराधों जैसे हैकिंग, रैंसमवेयर, वेब हाईजैकिंग, नेटवर्क सर्विस अटैक, वायरस, फिशिंग, डिजिटल गिरफ्तारी, डीपफेक्स, और वीडियो कॉल धोखाधड़ी पर चर्चा की। इसके साथ ही, उन्होंने ऑनलाइन सुरक्षा के महत्वपूर्ण उपाय बताए जैसे उच्च गोपनीयता सेटिंग्स का उपयोग करना, अपनी ऑनलाइन उपस्थिति को सीमित करना, केवल ज्ञात व्यक्तियों से संपर्क स्वीकार करना, सुरक्षित वेबसाइटों पर ब्राउज़ करना, और अज्ञात लिंक पर क्लिक न करना। उन्होंने सरकारी पोर्टल्स जैसे पोर्टल, चक्षु पोर्टल, और साइबर अपराध रिपोर्टिंग के लिए 1930 हेल्पलाइन नंबर के बारे में भी जानकारी दी। प्राचार्य सुथार ने जिला साइबर सेल से आए विशेषज्ञ शिव कुमार शर्मा, राकेश स्वामी और मुकेश का सम्मान किया। उन्होंने छात्रों से अपील की कि वे साइबर जागरूकता पर कॉलेज स्तर की प्रतियोगिताओं में, जैसे ऑनलाइन क्विज़ और शॉर्ट्स/रील्स बनाने में, उत्साहपूर्वक भाग लें। कार्यक्रम हाइब्रिड मोड में आयोजित किया गया, जिसमें कई पॉलिटेक्निक कॉलेजों के छात्रों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक कॉलेज, बाड़मेर; गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक कॉलेज, श्रीगंगानगर; और गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक कॉलेज, राजसमंद के छात्र ऑनलाइन माध्यम से जुड़े। कार्यक्रम के संयोजक और संचालक प्रशांत जोशी ने छात्रों से पोर्टल पर साइबर हाइजीन और ऑनलाइन व्यवहार को लेकर साइबर प्रतिज्ञा लेने की अपील की। उन्होंने डिजिटल नागरिक पोर्टल के बारे में भी जानकारी दी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र और शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक कॉलेज, बीकानेर के कॉन्फ्रेंस हॉल में किया गया और इसे यूट्यूब पर लाइव भी प्रसारित किया गया।

जैन पब्लिक स्कूल में सिस्टम फेयर सृजन प्रदर्शनी आयोजित

बीकानेर, (कासं)। श्री जैन पब्लिक स्कूल, में दो दिवसीय सिस्टम फेयर सृजन प्रदर्शनी का रविवार को समापन हुआ प्रदर्शनी में विद्यालय के बच्चों ने मॉडल के जरिये अपने कौशल को प्रदर्शित किया प्रदर्शनी में अत्याधुनिक तकनिक एवं कृत्रिम बुद्धिमता से निर्मित आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तथा कला संस्कृति, भारतीय धरोहर को प्रदर्शित किया।

स्कूल की सीओ सीमा जैन ने बताया कि विद्यालय के विद्यार्थियों ने अथक प्रयास करते हुए लगभग वृहद स्तर पर विज्ञान, तकनीक, कला, संस्कृति, गणित के अद्भुत संगम प्रस्तुत किया, जिसकी भूरी–भूरी सराहना सभी अतिथियों एवं अभिभावकों ने की। टेक प्रदर्शनी में सभी को हैरत अंगेज करने, ज्ञान वृद्धि, कौतुक एवं कौशल को बढ़ ाने में सहायक सिद्ध हुई। मिनी म्यूजियम में प्राचीन वस्तुओं को संजोया गया जिसका मुख्य केन्द्र ''सिक्को एवं नोटों का साम्राज्य'' प्राचीन सजावटी सामान, वस्त्र, ग्रन्थ इत्यादी रहे। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा 'कहाँ से कहाँ तक' के सफर नामें में 'सामान्य जीवन शैली' व पत्थर के घर्षण से रोबोट के बटन के जरिये दिखाया गया। खेल गतिविधियों में कौन बनेगा करोड़ पति आर्कषण का केन्द्र रहा। ज्ञान बांटे रोबोट से आगुन्तकों ने अपनी समस्याओं के समाधान व प्रश्नोत्तरी खेल कर प्रसन्न हुए। 'न्यूटन सेफ्टि ईड़िकेटर' सुरक्षा की दृष्टि से बेहतरीन उपयोगी प्रोजेक्ट रहा। विज्ञान विभाग ने ग्लोबल वार्मिगं से सुरक्षा, लेजर रे सिक्योरिटि, डे नाईट वर्किंग मॉड़ल, सोलर पेनल, हाईड्रों इलेक्ट्रिक डेम, फेशज ऑफ मुन, ईफेक्